दुर्घटना | पत्नी और भतीजी गंभीर रूप से घायल, खूंटाटोला-डोंगरिया मोड़ पर हादसा

# दो बाइकों की भिड़ंत में बुजुर्ग की मौत

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत खूंटाटोला-डोंगरिया मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (जीपीएम) जिले के थाना गौरेला अंतर्गत ग्राम हर्राडीह गंगापुर निवासी योगेन्द्र सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पिता अवधराज सिंह धुर्वे (54) अपनी पत्नी तेरसिया बाई और भतीजी शालिनी के साथ बाइक क्रमांक सीजी 10 ईआर 0346 से ग्राम गुंवारी में अपने पुत्र राजेश्वर सिंह के ससुराल



आयोजित सत्यनारायण कथा में शामिल होने आए थे।

### कथा में शामिल होकर तीनों अपने गांव लौट रहे थे

26 जून की सुबह करीब 10.30 बजे तीनों अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान खूंटाटोला-डोंगरिया मोड़ के आगे सामने से आ रही बाइक क्रमांक एमपी 65 जेडए 1688 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया

स्थानीय लोगों की सूचना पर दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों का उपचार जारी है। जैतहरी पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### पत्नी के सिर पर आयी गंभीर चोट

दुर्घटना इतनी भीषण थी कि अवधराज सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी तेरसिया बाई के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि भतीजी शालिनी के सिर, हाथ और पैर में चोटें आई हैं।

## कर्मचारियों ने किया 294 यूनिट रक्तदान

**अनूपपुर, नवभारत।** अनूपपुर थर्मल एनर्जी (म.प्र) प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान अभियान के तहत 294 यूनिट रिकॉर्ड रक्तदान कर सामाजिक सन्देश दिया है। 24 जून को अदाणी समूह के चेयरमैन श्री गौतम अदाणी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित इस अभियान का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को इस महादान के लिए प्रेरित करना है। कोतमा तहसील के छतई गांव स्थित अनूपपुर थर्मल एनर्जी (एमपी) प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय परिसर में अनूपपुर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 294 यूनिट रक्तदान किया। ब्लड बैंक के पदाधिकारियों ने रक्तदान को 'महादान' बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में सहायक हो सकता है।

# चोलना में अवैध रेत उत्खनन का महाघोटाला?

पुलिस की चुप्पी पर उठ रहे सवाल, धड़ल्ले से निकाली जा रही रेत

**अनूपपुर, नवभारत 27 जून।** जैतहरी थाना क्षेत्र के चोलना अंचल में कथित अवैध रेत उत्खनन का मामला अब स्थानीय स्तर से निकलकर प्रशासनिक जवाबदेही का बड़ा सवाल बनता जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र के मुंदरी घाट, कचरा घाट, आमघाट, संगम घाट, गुर्जर नाला और झरियाटोला सहित कई स्थानों से दिन-रात रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है और ट्रैक्टरों के माध्यम से छाता, खूंटाटोला तथा आसपास के गांवों में पहुंचाया जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि यह गतिविधियां लंबे समय से जारी हैं, तो अब तक पुलिस और खनिज विभाग की ओर से कोई बड़ी कार्रवाई क्यों नहीं हुई?



### सुबह से देर रात तक रेत से भरे ट्रैक्टर सड़कों पर दौड़ते हैं

स्थानीय लोगों के बीच हेमंत, शैलेंद्र, पिंकू, रिंकू, हरिनाथ, सुरेश और शुभम नामक व्यक्तियों के नाम चर्चाओं में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह से देर रात तक रेत से भरे ट्रैक्टर सड़कों पर दौड़ते दिखाई देते हैं। इसके बावजूद न तो वाहनों की प्रभावी जांच होती है और न ही अवैध उत्खनन रोकने के लिए कोई स्थायी अभियान नजर आता है।

### संबंधित विभागों को इसकी जानकारी क्यों नहीं?

ग्रामीणों का आरोप है कि जिन घाटों से कथित रूप से रेत निकाली जा रही है, वे कोई सुनसान इलाके नहीं हैं। इन मार्गों से रोजाना लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में यदि बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों से रेत का परिवहन हो रहा है तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि संबंधित विभागों को इसकी जानकारी क्यों नहीं है, या यदि जानकारी है तो कार्रवाई क्यों नहीं हो रही?

# तुलसी कॉलेज की छात्रा ने की आत्महत्या



किराए के मकान की छत पर फंदे से लटका मिला शव

**अनूपपुर, नवभारत 27 जून। जिले के नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9 में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा का शव किराए के मकान की छत पर फांसी के फंदे से लटका मिला।**

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान गायत्री सिंह पिता पवन सिंह उम्र 20 निवासी ग्राम बहोरीटोला केकरपानी के रूप में हुई है।

गायत्री हाल ही में पीएम श्री तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के बाद वार्ड क्रमांक-9 स्थित एक किराए के मकान में रह रही थी। वह लगभग एक माह पहले गांव की ही एक अन्य युवती के साथ कमरा लेकर रहने आई थी।

### कमरा साझा करने वाली दूसरी छात्रा गांव गई थी

जानकारी के अनुसार मकान में रह रही अन्य छात्राओं ने शनिवार सुबह छत पर गायत्री का शव फंदे से लटका देखा। इसके बाद उन्होंने मकान मालिक भारत सिंह राठौर को सूचना दी। मकान मालिक ने तत्काल पुलिस, डायल-112 और मृतका के परिजनों को घटना की जानकारी दी। कोतवाली पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि गायत्री के साथ कमरा साझा करने वाली दूसरी छात्रा कुछ दिनों से अपने गांव गई हुई थी। अन्य किराएदार छात्राओं के मुताबिक, गायत्री स्वभाव से शांत थी और किसी से अधिक बातचीत नहीं करती थी।

## नशा मुक्ति के लिए 5 दिवसीय नव चेतना शिविर


**नवभारत, जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर मादक पदार्थों के सेवन एवं व्यापार व्यवसाय के रोकथाम हेतु अवधपुरी स्थित नवज्योति नशा मुक्ति केंद्र में 5 दिवसीय 'नव चेतना शिविर' का आयोजन किया गया। आर्ट ऑफ़ लिविंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्ति की ओर अग्रसर लोगों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव मुक्ति एवं आंतरिक शांति को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति और समाज में जागरूकता फैलाने को लेकर विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। इस शिविर का मार्गदर्शन आर्ट ऑफ़ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक ऋतुराज असाटी द्वारा किया गया। उन्होंने शिविर में प्रतिभागियों को प्राणायाम, ध्यान एवं जीवन कौशल के माध्यम से सकारात्मक और स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा दी।

# रीवा-चिरमिरी ट्रेन के दैनिक संचालन की मांग

सांसद प्रतिनिधि ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**जमुना कोतमा 27 जून।** कोयलांचल क्षेत्र के यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर भाजपा सांसद प्रतिनिधि अजय नारायण द्विवेदी (महीप) ने शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह को ज्ञापन सौंपकर ट्रेन क्रमांक 11752 चिरमिरी-रीवा एवं 11751 रीवा-चिरमिरी का पुनः प्रतिदिन संचालन शुरू कराने की मांग की है।

इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेमचंद यादव तथा पूर्व जिला उपाध्यक्ष उमेश मिश्रा भी मौजूद रहे। ज्ञापन में बताया गया कि कोयलांचल क्षेत्र का रीवा से सांस्कृतिक, शैक्षणिक, व्यापारिक और सामाजिक रूप से गहरा जुड़ाव है।



प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी, व्यापारी, कर्मचारी एवं आम नागरिक इस रेलमार्ग से आवागमन करते हैं। कोरोना काल से पहले इन ट्रेनों का नियमित संचालन होने से यात्रियों को काफी सुविधा मिलती थी तथा रेलवे को भी अच्छा राजस्व प्राप्त होता था।

### अन्य ट्रेनों में हो रही आरक्षण की समस्या

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कोरोना महामारी के बाद से इन ट्रेनों का दैनिक संचालन बंद होने के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों को अन्य ट्रेनों में आरक्षण की समस्या, अतिरिक्त आर्थिक बोझ और समय की बर्बादी झेलनी पड़ रही है। सांसद प्रतिनिधि ने सांसद हिमाद्री सिंह से आग्रह किया कि वे रेल मंत्रालय के समक्ष इस जनहित के मुद्दे को प्रमुखता से उठाकर दोनों ट्रेनों का प्रतिदिन संचालन शीघ्र शुरू कराने का प्रयास करें।

## एक नजर में



### राजनगर में शांतिपूर्ण निकली मोहर्रम जुलूस यात्रा

**राजनगर।** राजनगर में मोहर्रम का जुलूस शनिवार को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और परंपरागत तरीके से ताजिया एवं अखाड़ों का प्रदर्शन किया गया। युवाओं ने विभिन्न पारंपरिक करतब प्रस्तुत किए, जिन्हें देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर लोगों की भीड़ उमड़ी रही। जुलूस के दौरान प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी की, जिससे पूरे आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रही। नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने भी जुलूस का स्वागत कर सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। निर्धारित मार्ग से होते हुए मोहर्रम जुलूस अपने गंतव्य तक शांतिपूर्वक पहुँचा। स्थानीय लोगों ने सफल आयोजन के लिए प्रशासन, आयोजकों एवं सभी नागरिकों के सहयोग की सराहना की।



### आदिवासी परिवारों के लिए आवास की मांग

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने जनजातीय बहुल अनूपपुर जिले के समग्र विकास से जुड़े दो महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अनूपपुर में शासकीय कृषि महाविद्यालय की स्थापना तथा प्रदेश के पात्र अनुसूचित जनजाति परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नए आवास स्वीकृत करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि कृषि प्रधान एवं जनजातीय बहुल अनूपपुर जिले के विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा प्राप्त करने के लिए लगभग 300 किलोमीटर दूर जबलपुर जाना पड़ता है। आर्थिक रूप से कमजोर एवं जनजातीय विद्यार्थियों के लिए यह बड़ी चुनौती है। आयोग ने कहा कि जिले में कृषि महाविद्यालय की स्थापना से स्थानीय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कृषि शिक्षा, अनुसंधान, आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण तथा रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन को भव्य बनाने मंथन

**नवभारत,जबलपुर।** मेहरा समाज ट्रस्ट ( पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट ) की विशेष बैठक का आयोजन शुक्रवार शाम को इंडियन कॉफी हाउस (मीटिंग हॉल) घंटाघर जबलपुर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामदीन पठारिया ( ट्रस्ट संस्थापक सदस्य) एवं संचालन इंजी. भूपेंद्र मेहरा ( राष्ट्रीय सचिव एवं कार्यक्रम संयोजक ) द्वारा किया गया। बैठक में मेहरा समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में 28 जून को सुबह 10 बजे से मानस भवन जबलपुर में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने जा रहे मेहरा समाज के विशाल 'सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन एवं सम्मान समारोह' को भव्य एवं सफल बनाने, संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने इत्यादि के संबंध मे विस्तार पूर्वक चर्चा कर रूपरेखा तैयार की गयी और सभी को व्यक्तिगत जिम्मेदारी सौंपी गयी। उपरोक्त सम्मेलन/समारोह मुख्य अतिथि जगदीश देवड़ा , उप मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री मध्यप्रदेश एवं प्रभारी मंत्री जबलपुर एवं राकेश सिंह , मंत्री, लोक निर्माण विभाग म प्र के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जा रहा है।

शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने पर कलेक्टर को सौंपा पत्र

# जल संसाधन विभाग के अधिकारियों पर आर्थिक अनियमितता के आरोप

**अनूपपुर, नवभारत 27 जून।** जिले के जल संसाधन विभाग में कथित आर्थिक अनियमितता एवं भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए अनूपपुर निवासी नितेश कुमार शर्मा ने कलेक्टर को जनसुनवाई के माध्यम से एक विस्तृत आवेदन सौंपा है।

प्रार्थी का आरोप है कि पूर्व में दिए गए कई शिकायत पत्रों के बावजूद संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अब तक



कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। आवेदन के अनुसार प्रार्थी ने 28 जनवरी तथा 12 मई को भी जल संसाधन विभाग में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई थी।

### विभागीय अभिलेखों में कथित हेरफेर का आरोप

शिकायत में विभागीय अभिलेखों में कथित हेरफेर, नियमितीकरण आदेश को छिपाने, सेवानिवृत्त कर्मचारी को परेशान करने तथा आर्थिक अनियमितता से जुड़े गंभीर आरोप लगाए गए हैं। प्रार्थी का कहना है कि उसके पिता स्व. विजय कुमार शर्मा, जो जल संसाधन विभाग में सहायक वर्ग-3 के पद से सेवानिवृत्त हुए थे, उनके नियमितीकरण आदेश दिनांक 2 मई 2018 को जानबूझकर दबाकर रखा गया तथा सेवा पुस्तिका में समय पर प्रविष्टि नहीं की गई।

# जनजातीय विवि में धरना-प्रदर्शन पर प्रतिबंध

**अनूपपुर, नवभारत 27 जून।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार तथा उसके 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, जुलूस, सभा और नारेबाजी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

यह आदेश पुष्पराजगढ़ के अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) वसीम अहमद भट्ट द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जारी किया गया है। आदेश के अनुसार विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार को बलपूर्वक बंद करने




अथवा किसी भी प्रकार से आवागमन बाधित करने पर भी रोक लगाई गई है। प्रशासन का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य विद्यार्थियों, कर्मचारियों, अधिकारियों तथा आम नागरिकों के निर्बाध आवागमन को सुनिश्चित करना और कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।

### छात्रों ने इसका किया स्वागत

विश्वविद्यालय के पीएचडी शोधार्थी रोहित श्रीवास एवं आयन ब्रह्मा ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने 19 जून 2026 को कुलसचिव को ज्ञापन सौंपकर परिसर की शांति एवं छात्रों के हित में हस्तक्षेप की मांग की थी। उन्होंने बताया कि ज्ञापन की प्रतिलिपि केंद्रीय गृह मंत्री, मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई थी। उनका कहना है कि प्रशासन की इस कार्रवाई से विश्वविद्यालय के हजारों छात्र-छात्राओं को राहत मिली है।

## नीट यूजी से आयुष शिक्षा के खुले नए द्वार: द्विवेदी

**नवभारत, जबलपुर।** नीट यूजी अब सिर्फ एमबीबीएस ही नहीं, बल्कि आयुष शिक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश का भी अहम जरिया बन चुका है। यह बात एसकेआरपी गुजराती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, इंदौर के फिजियोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री विभाग के प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष डॉ. ए.के. द्विवेदी ने कही। वे आयुष मंत्रालय (भारत सरकार) की केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) की एथिकल कमेटी, उत्तर-पूर्व आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान (एनईआईएएच) शिलांग की साइंटिफिक एडवाइजरी कमेटी और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के सदस्य भी हैं।

# पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं तो फिर क्या है?

भगवा पार्टी के वरुण चटर्जी ने की वैधानिक रिकॉर्ड स्पष्ट करने की मांग

**अनूपपुर, नवभारत 27 जून।** भारतीय गणवर्ता भगवा पार्टी के जिला महामंत्री वरुण चटर्जी ने भारतीय नागरिकता के वैधानिक प्रमाण को लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से महत्वपूर्ण सवाल उठाया है। उन्होंने केंद्र सरकार से स्पष्ट करने की मांग की है कि यदि पासपोर्ट को नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं माना जाता, तो ऐसा कौन-सा वैधानिक दस्तावेज अथवा सरकारी रिकॉर्ड है, जो किसी व्यक्ति की भारतीय नागरिकता को प्रमाणित करता है। वरुण चटर्जी ने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि यदि कोई भारतीय नागरिक विदेश में किसी आपात या संकट की स्थिति में अपनी पहचान भारतीय पासपोर्ट के आधार पर बताता है और उसे यह कहा जाए कि भारत में स्वयं पासपोर्ट को नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं माना जाता, तो ऐसी स्थिति में वह अपनी भारतीय नागरिकता किस आधार पर सिद्ध करेगा।

### नागरिकता जैसे विषय पर भ्रम नहीं होना चाहिए

उन्होंने प्रश्न उठाते हुए कहा कि यदि पासपोर्ट भी नागरिकता का प्रमाण नहीं है, तो आम नागरिक के लिए यह जानना आवश्यक है कि भारतीय कानून के अनुसार कौन-सा वैधानिक दस्तावेज या सरकारी रिकॉर्ड उसकी नागरिकता का प्रमाण माना जाता है। उन्होंने सरकार से इस विषय पर स्पष्ट एवं आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि नागरिकता जैसे महत्वपूर्ण विषय पर किसी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए।



# हाथियों का उत्पात, पंगना-बेलिया में मकान तोड़े

ग्रामीणों ने वन विभाग की गश्ती टीम पर लगाए गंभीर आरोप

**अनूपपुर, नवभारत 27 जून।** जिले के वन क्षेत्र से लगे पगना एवं बेलिया गांव में शुक्रवार देर रात चार हाथियों के दल ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने कई ग्रामीणों के कच्चे मकानों में तोड़फोड़ की, खेतों और बाड़ियों में लगी फसल एवं सब्जियों को नुकसान पहुंचाया। पूरी रात दहशत मचाने के बाद शनिवार सुबह हाथियों का दल गोबरी एवं शक्तिकुंडी के जंगल की ओर लौट गया। घटना के बाद शनिवार दोपहर अनूपपुर तहसीलदार वेद प्रकाश सिंह ने हल्का पटवारी प्रियंका सोनी एवं अन्य अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने नुकसान का तत्काल सर्वे कर राहत प्रकरण तैयार करने तथा प्रभावित ग्रामीणों को शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### जंगल से गांव तक पहुंचा हाथियों का दल

जानकारी के अनुसार, चार हाथियों का समूह शुक्रवार देर शाम जंगल से निकलकर शक्तिकुंडी होते हुए ग्राम पंचायत पगना के जल्दाटोला एवं बेलियाकछरा पहुंचा। इसके बाद तिपान नदी पार कर छुलहा ग्राम पंचायत के बेलिया गांव में प्रवेश कर गया। हाथियों ने संग्राम कोल, प्रफूल्य महता, महेश कोल, सुरेश प्रसाद कोल एवं सुकांति कोल के घरों में तोड़फोड़ की।

### पूरी रात दहशत में रहे ग्रामीण

ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के गांव में पहुंचने की सूचना समय पर नहीं मिलने से लोग पूरी रात भय के साये में रहे। कई परिवार हाथियों के घरों के पास पहुंच जाने के कारण अपने ही घरों में कैद होकर डरे-सहमे बैठे रहे। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सूचना मिल जाती तो वे सुरक्षित स्थानों पर चले जाते।

मौसम का मिजाज | खरीफ बुवाई के लिए किसान कर रहे अच्छी बारिश का इंतजार

# अमरकंटक में झमाझम बारिश, अनूपपुर में धूप

**अनूपपुर, नवभारत 27 जून।** शनिवार को जहां जिला मुख्यालय अनूपपुर सहित कई क्षेत्रों में दिनभर तेज धूप और उमस ने लोगों को परेशान किया, वहीं पवित्र नगरी अमरकंटक में दोपहर करीब दो घंटे तक हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया। बारिश के अभाव में जिले के किसानों की खरीफ बुवाई प्रभावित हो रही है और वे अच्छी वर्षा का इंतजार कर रहे हैं।

### अमरकंटक में मौसम हुआ सुहाना

शनिवार दोपहर करीब 12 बजे से 2 बजे तक अमरकंटक में लगातार तेज बारिश हुई। बारिश से नर्मदा मंदिर और आसपास का क्षेत्र जलमग्न हो गया। लगातार हो रही



वर्षा से अमरकंटक का मौसम पूरी तरह बदल गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। स्थानीय किसानों ने इस बारिश को खरीफ फसलों के लिए राहतभरी शुरुआत बताया।

### अनूपपुर में भी बारिश संभावना

इसके विपरीत जिला मुख्यालय अनूपपुर में शनिवार सुबह तेज धूप निकली, जिससे उमस और गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। शाम होते-होते अनूपपुर, जैतहरी, राजेंद्रग्राम, कोतमा, भालूमाड़ा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में काले बादल छा गए तथा हल्की हवा चली। हालांकि समाचार लिखे जाने तक अधिकांश क्षेत्रों में बारिश नहीं हुई थी। मौसम विभाग ने रात में वर्षा होने की संभावना जताई है।

### बिजली की आंख-मिचौली से लोग परेशान

मौसम की उमस के बीच शनिवार को सुबह से शाम तक बिजली की बार-बार आवाजाही भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी। बिजली कटौती के कारण घरों और बाजारों में लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ा। अधीक्षक भू-अभिलेख अधिकारी प्रदीप मोगरे ने बताया कि प्रदेश में मानसून अभी पूरी तरह सक्रिय नहीं हुआ है।